School of Liberal Arts

Applied Psychology
ETE - Jun 2023

Time : 3 Hours **Marks : 50**

Sem II - A040102T - Hindi
Your answer should be specific to the question asked
Draw neat labeled diagrams wherever necessary

1.	अच्छी रिपोर्टिंग के लिए अपेक्षित गुण बताइए।	K3 CO3	(2)
2.	विकारी शब्द की परिभाषा बताइए।	K4 CO4	(2)
3.	प्रेस विज्ञप्ति का उदाहरण दीजिए।	K2 CO2	(2)
4.	तत्सम शब्द किसे कहते हैं ? निम्न शब्दों के तत्सम बनाइए। अचरज, अमोल, अँधेरा, अगम, अचानक, अच्छर, अंगरक्षक, असीस, अस्सी, अमिय	K4 CO5	(2)
5.	हिंदी साहित्य के इतिहास को कितने भागों में विभाजित किया गया है। सभी भागों का तिथि सहित उल्लेख कीजिए।	K1 CO1	(2)
6.	स्वर सन्धि को परिभाषित कीजिए तथा उदाहरण सहित स्वर सन्धि के प्रकारों का उल्लेख कीजिए।	K4 CO2	(5)
7.	निम्न वाक्यों में विशेषण शब्द छांटिए तथा विशेषण का नाम बताइए - 1. राधा बहुत सुन्दर लड़की है। 2. मेरी शर्ट लाल रंग की है। 3. पाँच लड़के पार्क में खेल रहे हैं। 4. मेरी मम्मी बहुत स्वादिष्ट खाना बनती हैं। 5. सोहन एक आलसी लड़का है।	K3 CO1	(5)
8.	अधोलिखित गद्यांश का उसके एक-तिहाई (1/3) शब्दों में संक्षेपण कीजिए। हमारे मन की थकावट और ताजगी के लिए हमारी मानसिक स्थिति सबसे अधिक जिम्मेदार है। निराशा हमारा सबसे बड़ा शत्रु है। शारीरिक योग्यता का नाश करने वाला इससे बढ़कर दूसरा कोई नहीं। इसको जहरीला असर इतना भीषण होता है। कि महीनों में लगातार परिश्रम की थकावट भी उसका मुकाबला नहीं कर सकती। इसके प्रतिकूल शान्त निद्रा से जो ताजगी मिलती है उससे सभी इन्द्रियों में स्फूर्ति पैदा होती है। प्रत्येक बुद्धिमान् शारीरिक योग्यता प्राप्त करना चाहता है। चाहे वह जीवन की किसी अवस्था में क्यों न हो, चाहे वह वाणिज्य-व्यापार में लगा हुआ हो, पुस्तक लिखता हो, कारीगर हो, समाजसेवा में दत्तचित्त हो, प्रत्येक अवस्था में वह सदा अधिक काम करते रहने और आगे बढ़ने को आतुर रहता है।	K6 CO6	(6)
9.	महर्षि दयानंद विश्वविदयालय, रोहतक की ओर से दो व्यक्तियों को क्लर्क के पद पर नियुक्ति के संबंध में कार्यालय दवारा जारी आदेश लिखिए ।	K4 CO3	(8)
10.	हिन्दी भाषाई प्रदेश को कितने भागों में बांटा गया है। सभी प्रदेशों की विभिन्न बोलियों का वर्णन कीजिए।	K6 CO5	(8)
11.	आप 29/5 संस्कार अपार्टमेंट, सेक्टर-14 रोहिणी, दिल्ली के निवासी हैं। आप चाहते हैं कि लोग दीपावली में पटाखों का कम से कम प्रयोग करें। पटाखों से होने वाली हानियों से अवगत कराते हुए नवभारत टाइम्स के संपादक को पत्र लिखिए।	K5 CO4	(8)